
दैनिक भास्कर 19/05/2025

# तिरंगा यात्रा में शामिल हुए जीएमएन कालेज के विद्यार्थी



तिरंगा यात्रा में शामिल जीएमएन कालेज के विद्यार्थी। • सौजन्य विज्ञप्ति

**अंबाला** : आपरेशन सिंदूर की विजय के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक 'तिरंगा' के सम्मान में आज सरकारी पीजी कालेज अंबाला छावनी से भव्य तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अगुवाई में जीएमएन कालेज अंबाला छावनी ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। कालेज की ओर से 25 ब्वायज कैडेट्स, एनओ डा. एसएस नैन के निर्देशन में रैली में शामिल हुए जबकि 39 गर्ल्स कैडेट्स उनके सीटीओ डा. तृप्ति शर्मा के नेतृत्व में उपस्थित रहीं। इस दौरान बृजेश, डा. सरोज और अनीश के नेतृत्व में 55 स्वयंसेवकों ने रैली में भाग लिया।